संपादकीय

तसल्ली से हो व्यापार

आरसीईपी यानी 10 आसियान देशों और चीन, भारत, जापान, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यू जीलैंड के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड अग्रीमेंट पर हस्ताक्षर फिलहाल टल गया है। बैंकॉक में सभी देशों ने एक स्वर में घोषणा की कि बातचीत पटरी पर है और जो भी थोड़े-बहुत सवाल या संदेह रह गए हैं वे आगे साफ कर लिए जाएंगे। लेकिन जैसे आसार हैं, इस समझौते के लिए निकट भविष्य में इसी तरह का माहौल बनाना आसान नहीं होगा। न केवल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 16 देशों, बल्कि पूरी दुनिया के लिए यह प्रस्तावित समझौता एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है। दुनिया की आधी आबादी और एक तिहाई से ज्यादा अर्थव्यवस्था को खुद में समेटने की क्षमता इसमें है। लेकिन इसका दूसरा पहलू भारत और कई अन्य देशों में सस्ते चीनी सामानों की बाढ़ आ जाना है।

यह जोखिम अभी के परिवेश में शायद ही कोई उठाना चाहेगा। खतरा सारे देश समझ रहे थे, लेकिन आगे बढ़कर इसे आवाज देने का दम भारत ने ही दिखाया। नवंबर 2012 में इस समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू हुई थी और पिछले सात वर्षों में सहमति बनाने की कोशिशें चलती रहीं। लेकिन पिछले कुछ महीनों में अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर गरमाने के बाद चीन को इस समझौते की जरूरत कुछ ज्यादा ही महसूस होने लगी। इतने बड़े ट्रेड ब्लॉक में शामिल होकर मुक्त व्यापार का फायदा कौन नहीं उठाना चाहेगा, मगर इससे पहले चीन के साथ भारत के विशाल व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं का समाधान भी जरूरी है।वैसे भी, इन पड़ोसी देशों से बेरोकटोक माल भारत आने लगे तो हमारे अपने घरेलू उद्योग-धंधे ही नहीं, खेती-किसानी से जुड़ी देश की बहुसंख्यक आबादी का जीवन भी समस्याग्रस्त हो जाएगा। यही वजह है कि इधर कुछ दिनों से देश के अंदर इस समझौते के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर विरोध देखा जा रहा है। कोई भी लोकतांत्रिक सरकार न तो जनभावना से अछूती रह सकती है, न ही अपने राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कर सकती है। स्वाभाविक रूप से भारत सरकार ने बैंकॉक बैठक के दौरान जल्दबाजी के लिए बनाए जा रहे दबाव की परवाह न करते हुए अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं और कहा कि आगे बढ़ने से पहले वह इन मसलों पर पूरी तरह आश्वस्त हो जाना चाहती है।कई ऐसी वस्तुएं हैं जिन पर आयात शुल्क कम करने के लिए भारत तैयार नहीं है। समझौते की हड़बड़ी दिखा रहे चीन और मलयेशिया जैसे देशों को यह पसंद नहीं आया। उनमें से कुछेक ने खुलकर अपनी नापसंदगी भी जाहिर की, लेकिन इस मंच से जुड़े बाकी देश भारत जैसी एशिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था और इसके विशाल बाजार को छोड़ कर आगे बढ़ने में कोई फायदा नहीं देखते। इस समझौते की अहमियत या उपयोगिता से किसी को इनकार नहीं है, मगर इसको कोई ठोस आकार तभी दिया जाना चाहिए, जब यह सबके फायदे में हो और किसी भी देश के लिए कोई नई समस्या न पैदा करे।

शख्स को फेसबुक पर पीएम मोदी की एडिटेड फोटो डालना पड़ा भारी, एक साल सोशल मीडिया से दूर रहने की सजा

कन्याकुमारी। पीएम मोदी की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करना एक शख्स को भारी पड़ गया। इस पोस्ट के एक महीने बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के निवासी जबीन चार्ल्स को एक साल के लिए सोशल मीडिया से दूर रहना पड़ेगा। जबीन ने इसके लिए बाकायदा मद्रास हाई कोर्ट में लिखित हलफनामा भी दिया है। सोमवार को अग्रिम जमानत लेने के लिए जबीन ने मद्रास हाईकोर्ट को लिखित में दिया कि वह अगले एक साल तक सोशल मीडिया

का इस्तेमाल नहीं करेंगे। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने कहा कि अगर जबीन को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए पाया गया तो उनकी जमानत कैंसल कर दी जाएगी। जस्टिस स्वामीनाथन ने जबीन को कहा कि वह एक माफीनामा लिखकर भी कोर्ट को दें।

बता दें कि एक महीने पहले जबीन की इस पोस्ट के अगले ही दिन बीजेपी पदाधिकारी नांजिल राजा ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और मामला हाई कोर्ट पहुंच गया। जबीन चार्ल्स ने अपने बचाव में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कही गई बात याद दिलाई कि पब्लिक फोरम पर अपनी राय रखना कोई अपराध नहीं है। हालांकि, चार्ल्स ने अपनी इस पोस्ट पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस पोस्ट को तुरंत ब्लॉक कर दिया था क्योंकि उन्हें एहसास हो गया था कि प्रधानमंत्री का अपमान सही नहीं है।

उन्होंने कोर्ट के सामने यह भी कहा कि वह स्थानीय अखबार में भी माफीनामा छपवाने के लिए तैयार हैं। कन्याकुमारी की वाडसरी पुलिस ने चार्ल्स के खिलाफ 11 अक्टूबर को आईपीसी की धारा 505 (2) और आईटी ऐक्ट 2000 की धारा 67 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर, 62 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बेंट्र क्रूड

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में बुधवार को कोई बदलाव नहीं किया। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के कारोबार में पिछले सत्र के मुकाबले नरमी बनी हुई है, लेकिन इस महीने बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड के भाव में अब तक दो डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। पेट्रोल के दाम में इससे पहले पांच दिनों तक गिरावट जारी रही जबकि डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन स्थिरता बनी रही।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 72.60 रुपये,

75.32 रुपये, 78.28 रुपये और 74.45 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी बिना किसी बदलाव के क्रमशः 65.75 रुपये, 68.16 रुपये, 68.96 रुपये और 69.50 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज पर ब्रेंट क्रूड के जनवरी डिलीवरी अनुबंध में बुधवार को 0.62 फीसदी की नरमी के साथ 62.57 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था।

सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 142 अंक गिरा, निफ्टी में भी सुस्ती

मुंबई। कमजोर वैश्विक रुख के बीच एचडीएफसी रिलायंस , आईटीसी , एचडीएफसी बैंक और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में दबाव से सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती कारोबार में 142 अंक गिर गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 142.41 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर 40,105.82 अंक पर आ गया। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरुआती दौर में 47.90 अंक यानी 0.40 प्रतिशत घटकर 11,869.30 अंक पर चल रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल , एचसीएल टेक , आईटीसी , एक्सिस बैंक , बजाज ऑटो , एचडीएफसी , एचडीएफसी बैंक , टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.65 प्रतिशत तक की गिरावट आई। वहीं , सन फार्मा के शेयर में सबसे ज्यादा पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। इसके अलावा , टेक महिंद्रा , येस बैंक , इंफोसिस , वेदांता , महिंद्रा एंड महिंद्रा और एलएंडटी के शेयर 1.13 प्रतिशत तक बढ़ गए।

चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट: सायना नेहवाल भी पहले दौर में बाहर, कश्यप जीते

फुझू। अनुभवी भारतीय शटलर साइना नेहवाल बुधवार को चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले ही दौर में उलटफेर का शिकार हो गई, लेकिन पुरूष एकल खिलाड़ी परूपल्ली कश्यप और बी साई प्रणीत ने जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। चाइना ओपन के पहले ही दिन भारत की अन्य ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी महिला एकल के पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गयी थीं। टूर्नामेंट में आठवीं वरीय सायना को चीन की काई यान

यान के हाथों मात्र 24 मिनट में 9-21, 12-21 से शिकस्त मिली। मैच के दौरान सायना असहज दिखाई दीं और अंक बटोरने में उन्हें काफी परेशानी हुई। विश्व में नौवें नंबर की सायना की 22वीं रैंक यान यान के खिलाफ यह पहली भिड़ंत थी। हालांकि पुरूष एकल के पहले दौर में सायना के पति और स्टार खिलाड़ी कश्यप ने थाईलैंड के सिथिकोम थामासिन को 43 मिनट में लगातार गेमों में 21-14 21-3 से हराकर जीत अपने नाम कर ली। कश्यप का अब दूसरे दौर में सातवीं सीड डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से मुकाबला होगा। प्रणीत ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो के खिलाफ 52 मिनट तक तीन गेमों के संघर्ष में 15-21, 21-12, 21-10 से जीत अपने नाम की। प्रणीत का अब 3-2 का रिकार्ड हो गया है।

आज का राशिफल

मेषः- योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है।

वृषः- किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क बनेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

मिथुनः- स्वास्थ्य पर खर्च होगा। लापरवाही न करें। कार्य करते समय चोट लग सकती है। गृहिणियां विशेष ध्यान रखें। जल्दबाजी से बचें। अकारण विवाद हो सकता है।

कर्कः- कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी के इच्छुक लोगों को जीवनसाथी मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेशादि सोच-समझकर करें।

सिंहः- संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

कन्याः- शैक्षणिक व शोध इत्यादि रचनात्मक कार्य के परिणाम सुखद मिलेंगे। किसी मांगलिक व आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा।

तुलाः- स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। वाणी में हंसी-मजाक समय व स्थिति को देखकर करें। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। मेहनत अधिक होगी।

वृश्चिकः- काम पर पूरा ध्यान दे पाएंगे। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

धनुः- दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। विवाद से बचें। क्रोध न करें। कोई बड़ा काम तथा लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

मकरः- नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। बेरोजगारी दूर होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। लंबी यात्रा हो सकती है।

कुंभः- कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। आर्थिक परेशानी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से आत्मसम्मान कम हो सकता है।

मीनः- डूबी हुई रकम प्राप्ति की संभावना बनती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि संभव है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बुद्धि के कार्य करें।

आईपीएल में नो बॉल के लिए विशेष अंपायर, फिलहाल पावरप्लेयर नहीं

मुंबई। बेशुमार दौलत से भरपूर इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 के संस्करण में एक अतिरिक्त टीवी अम्पायर नो बॉल पर नजर रखेगा। आईपीएल के अगले संस्करण में अब हर मैच में चार अंपायर होंगे। चौथे अंपायर का काम नो बॉल पर नजर रखना होगा ताकि गलतियां कम हों। आईपीएल के पिछले सीजन में अम्पायरों की गलतियां काफी चर्चा में रही थीं और नो बॉल को लेकर काफी गलतियां हुई थी। इन गलतियों को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) हर मैच में नो बॉल पर पैनी नजर रखने के लिए एक अतिरिक्त अंपायर को लाने की तैयारी कर रहा है। ऐसा समझा जाता है कि आईपीएल मैचों के दौरान पावरप्लेयर' सब्स्टीट्यूशन भी

फिलहाल शुरू नहीं किया जा रहा है क्योंकि इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही सैयद मुश्ताक अली ट्रोफी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में इसका ट्रायल नहीं हो सकेगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान विराट कोहली ने 2019 के सत्र में नो बॉल को लेकर हुई गलतियों पर खासी आपत्ति जताई थी।

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम से बचाएगी औरेंज पिल टी

मौसम बदलने रहा है, अल सुबह और रात के वक्त गुलाबी ठंड का अहसास यह संदेश देने लगा है कि रजाईवाले दिन जल्दी आने वाले हैं। इस बदलते मौसम में घूमने-फिरने का जितना मजा होता है, उतना ही डर रहता है सर्दी जुकाम का। अगर आप इस बदलते मौसम और आनेवाली सर्दियों में खांसी-जुकाम से बचे रहना चाहते हैं तो औरेंज पील टी आपके लिए बहुत काम की हो सकती है। यहां जानें, घर पर आप किस तरह तैयार कर सकते हैं संतरे के छिलकों की चाय...

-औरेंज पील टी बनाने के लिए आपको सबसे पहले मुट्ठी भर संतरे के छिलकों की जरूरत होगी। इसके लिए आप ताजे संतरों को छीलकर उनका छिलका निकाल सकते हैं।

-अब करीब एक लीटर पानी को एक पैन भरकर गर्म होने के लिए मध्यम आंच पर गैस पर रख दें। जब पानी अच्छी तरह गर्म हो जाए तो इसमें छीले गए संतरे के छिलकों को डाल दें।

- स्वाद और सेहत में बढ़ोतरी करने के लिए अब आप इस गर्म पानी में एक छोटा टुकड़ा दालचीनी डालें।

- एक बार अच्छी तरह उबाल आने के बाद गैस बंद कर दें और इस तैयार गर्मागर्म मिश्रण को करीब 15 मिनट तक ढककर रख दें।

- करीब 15 मिनट बाद इस तैयार टी में स्वाद के अनुसार शहद मिलाएं और पूरे परिवार को सर्व करें।

ईद 2020 पर बड़ी फिल्मी टक्कर, अक्षय की फिल्म से क्लैश करेगी सलमान की राधे

अगले साल ईद पर बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश हो सकता है। सलमान इस दिन के लिए अपनी फिल्म राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई को बुक कर चुके हैं। अब अक्षय कुमार भी इस खास दिन को अपनी फिल्म के लिए भुनाना चाहते हैं।

दरअसल, लक्ष्मी बम के मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि वे ईद 2020 पर अपनी फिल्म रिलीज करेंगे। फॉक्स स्टार हिंदी के ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया गया, ईद 2020 को, सारे देश में मचेगा शोर जब फटेगा लक्ष्मी बम आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। मेकर्स ने पोस्टर भी शेयर किया है जिसमें अक्षय कुमार नजर आ रहे हैं

और नीचे की तरफ फिल्म की रिलीज डेट लिखी है। बता दें, लक्ष्मी बम 2011 में आई तमिल फिल्म कंचना का हिंदी रीमेक है। फिल्म के अक्षय के ऑपोजिट कियारा आडवाणी नजर आएंगी। गौरतलब है कि अक्षय ने पहले ईद 2020 को अपनी दूसरी फिल्म सूर्यवंशी के लिए बुक किया था लेकिन बाद में उन्होंने इसे चेंज कर दिया ताकि सलमान स्टारर और डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह से क्लैश न हो।

सलमान खान ने म्यूजिक कॉन्सर्ट में दी जबरदस्त परफॉर्मेंस

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म दबंग 3 दिसंबर में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर को बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला है। इसके अलावा मेकर्स ने सबसे पॉप्युलर सॉन्ग हुड़ हुड़ दबंग का ऑडियो ट्रैक भी रिलीज कर दिया है। वहीं, सलमान खान और दबंग-दी टूर रीलोडेड की टीम ने हैदराबाद में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस कार्यक्रम में सलमान खान की परफॉर्मेंस की फोटो सामने आई है। सलमान खान की जो तस्वीर सामने आई है, उसमें हम देख सकते हैं कि वह स्टेज पर परफॉर्म कर रहे हैं। परफॉर्म के समय उन्होंने स्लीवलेस लेदर जैकेट पहन रखा है। सलमान खान पसीने में भीगे नजर आ रहे हैं। इस कॉन्सर्ट में सलमान खान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, जैकलीन फर्नांडिस, वरीना हुसैन, आयुष शर्मा, प्रभुदेवा, मनीष पॉल सहित अन्य सिलेब्स ने भी हिस्सा लिया।

कश्मीरी पुलाव बनाने की विधि ...

आवश्यक सामग्री

- 1/2 कप बासमती चावल लंबे दाने वाला चावल- 4-5 केसर स्ट्रैंड्स- 1 बड़ा चम्मच दूध (गर्म)- 5-6 काजू- 5-6 बादाम- 2 लौंग- 1 हरी इलायची- दालचीनी स्टिक- 1 हरी मिर्च, 1/2 चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक, 1/4 चम्मच सौंफ़ बीज पाउडर, 1 प्याज, 1/4 कप कटा हुआ सेब, 1/4 कप अनार के बीज, 1/4 कप अंगूर, नमक स्वाद अनुसार, 2 बड़े चम्मच घी, प्याज तलने के लिए घी, 1 कप पानी

बनाने की विधि

- बासमती चावल को पानी 15 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। 1 चम्मच गर्म दूध में केसर घोलें।मध्यम आंच पर एक पैन में 1-चम्मच घी गरम करें। बादाम और काजू डालें और उबलने तक उन्हें हल्का सुनहरा भूरा होने तक भूनें। उसी पैन में बचा हुआ 1-बड़ा चम्मच घी डालें और तेज

पत्ता, लौंग, हरी इलायची और दालचीनी की स्टिक डालें। हरी मिर्च, कद्दूकस की हुई अदरक और सौंफ के बीज का पाउडर डालें। भिगोया और सूखा चावल मिक्स करें। 1 कप पानी, स्वाद अनुसार नमक मिलाए। मध्यम आंच पर उबालने के लिए छोड़ दें। जब यह उबलने लगे तो आंच को कम कर दें और इसे ढककर 8-10 मिनट तक चावल के पूरी तरह से पकाएं। इस बीच, एक और पैन में 3-4 बड़े चम्मच तेल गरम करें, प्याज को भूनें। उबले हुए सूखे मेवे, ताजे फल सेब, अंगूर और अनार के बीज और पके हुए चावल के ऊपर तले हुए प्याज डालें। 2-3 मिनट के लिए पकाएं। धनिया पत्ती से गार्निश करें।

शब्द सामर्थ्य- 36

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 35 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

सू-दोकू- 36

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.35 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6